**प्रेस नोट** **दिनांक 26.04.2026**

**मऊ पुलिस लाइन में भव्य 'दीक्षांत परेड' सम्पन्न: 2025-26 बैच के नए प्रहरियों ने ली राष्ट्र सेवा की शपथ**

**मंडलायुक्त आजमगढ़, श्री विवेक कुमार ने ली परेड की सलामी।**

**60,244 आरक्षी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत प्रशिक्षित रिक्रूटों के शामिल होने से सशक्त हुई यूपी पुलिस।**

**अनुशासन, दक्षता और तकनीक से लैस नए रक्षक जनसेवा के लिए समर्पित।***

**जनपद मऊ में कुल 481 रिक्रूट आरक्षियों द्वारा दीक्षान्त परेड में राष्ट्र सेवा की शपथ ली ।**

जनपद के रिजर्व पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउण्ड पर आज दिनांक 26.04.2026 को आरक्षी पुलिस सीधी भर्ती वर्ष 2025-26 बैच के प्रशिक्षु आरक्षियों का आधारभूत प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य 'दीक्षांत परेड' (Passing Out Parade) समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आजमगढं श्री विवेक कुमार द्वारा परेड की सलामी ली गई और मान-प्रणाम ग्रहण किया गया।

दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आजमगढ़ श्री विवेक कुमार ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में प्रशिक्षु आरक्षियों का आह्वान करते हुए कहा कि पुलिस बल की वर्दी केवल एक पोशाक नहीं, बल्कि समाज के भरोसे और सुरक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कठिन प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि निष्पक्ष चयन और आधुनिक प्रशिक्षण से सुसज्जित यह नया बैच उत्तर प्रदेश में 'स्मार्ट पुलिसिंग' के युग को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। महोदय ने प्रशिक्षुओं को राष्ट्र की सेवा, कर्तव्यों के प्रति अटूट निष्ठा और भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की सफलता और भव्यता में जिलाधिकारी मऊ श्री प्रवीण कुमार मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर की विशेष उपस्थिति व कुशल पर्यवेक्षण सराहनीय रहा। पुलिस अधीक्षक महोदय ने नए आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अनुशासन ही हमारी शक्ति है और जनता के प्रति संवेदनशीलता ही एक आदर्श पुलिसकर्मी की असली पहचान है। इस गरिमामयी अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार व समस्त क्षेत्राधिकारी/ अधिकारी द्वारा अपनी उपस्थिति से नवागत आरक्षियों का मनोबल बढ़ाया।

प्रशिक्षण की अवधि में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समारोह का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जहाँ इन नए रक्षकों ने उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, सशक्त और खुशहाल बनाने का दृढ़ संकल्प दोहराया।

**गरिमापूर्ण परेड और निरीक्षण-**

मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। प्रशिक्षु आरक्षियों के उत्कृष्ट टर्न-आउट, शानदार कदमताल और ड्रिल के उच्च स्तर ने उपस्थित सभी अधिकारियों का मन मोह लिया। परेड का नेतृत्व करने वाले प्रशिक्षुओं के समन्वय और अनुशासन की मुख्य अतिथि महोदय ने खुले मन से प्रशंसा की।

**राष्ट्र सेवा और संविधान की शपथ-**

समारोह के दौरान सभी उत्तीर्ण प्रशिक्षु आरक्षियों को राष्ट्र की सेवा, कर्तव्यों के प्रति अटूट निष्ठा और भारतीय संविधान के प्रति सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। प्रशिक्षण की अवधि के दौरान विभिन्न विधाओं (इण्डोर एवं आउटडोर) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वहीं पुलिस अधीक्षक मऊ, श्री कमलेश बहादुर ने नए प्रहरियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि— "अनुशासन ही हमारी शक्ति है। जनता के प्रति संवेदनशीलता और अपराधियों के प्रति कठोरता ही एक आदर्श पुलिसकर्मी की असली पहचान है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ 'स्मार्ट पुलिसिंग' के संकल्प को सिद्ध करेंगे।"

**उतकृष्ट प्रदर्शन करने वाले रि0आ0-**

बाह्य विषय, इनडोर विषय व साक्षात्कार (सर्वागसर्वोत्तम) में सर्वाधिक अंक प्राप्त कने वाले रिक्रूट आरक्षी टोली न0 14 – रोहिक कुमार दूबे

प्रथम कमाण्डर- रि0 आ0 विकास यादव दोली न0- 03

द्वितीय कमाण्डर रि0आ0 अमन कुमार नायक टोला न0-05

तृतीय कमाण्डर रि0आ0 राजमणि तिवारी टोली न0-06

**➡ समारोह का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जहाँ इन नए रक्षकों ने उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, सशक्त और खुशहाल बनाने का दृढ़ संकल्प दोहराया।**

**01 शातिर पशु तकस्कर गिरफ्तार कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में के अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर श्री कृष राजपूत के नेतृत्व दिनांक 26.04.2026 में थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर जहांगीराबाद मैदान में स्थित टीले के पास से मु0अ0सं0 59/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्त मुन्ना पुत्र मुख्तार सा0 हैदरगंज थाना मरदह जनपद गाजीपुर कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद कर गिरफ्तार किया गया तथा चालान न्यायालय किया गया।

**पंजीकृत अभियोंग-**

1. मु0अ0सं0 59/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ

**अभियुक्त का विवरण-**

1. मुन्ना पुत्र मुख्तार सा0 हैदरगंज थाना मरदह जनपद गाजीपुर

**67 आईटी एक्ट में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में के अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह के कुशल

नेतृत्व में दिनांक 26.04.2026 को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व जरिये मुखबिर की सूचना पर करीमुद्दीनपुर पुलिया के पास मु0अ0सं0 160/2026 धारा 248ए/356(2)/352 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्त आफताब अहमद पुत्र स्व0 इस्तेखार अहमद निवासी बड़ागांव (नीमतले ) नगर पंचायत घोसी वार्ड न0-12 थाना घोसी मऊ को गिरफ्तार किया गया तथा चालान न्यायालय किया गया।

उल्लेखनीय है कि कस्बा घोसी के श्री मुन्ना प्रसाद गुप्ता पुत्र स्व0 गुलाबचन्द्र गुप्ता ( अध्यक्ष नगर पंचायत घोसी) जनपद मऊ द्वारा हीरे की अंगूठी एंव पैसा, उत्तर प्रदेश सरकार मे ऊर्जा मंत्री एंव नगर विकास मंत्री मा0 ए0के0शर्मा जी को देने की आरोपी द्वारा आरोप लगाने के सम्बन्ध में उनकी लिखित सूचना पर थाना घोसी पर मु0अ0सं0 160/2026 धारा 248ए/356(2)/352 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट बनाम 1. आफताब अहमद पुत्र स्व0 इस्तेखार अहमद निवासी बड़ागांव ( नीमतले ) नगर पंचायत घोसी वार्ड न0-12 थाना घोसी मऊ 2. वीडियो बनाकर वायरल करने वाला ब्यक्ति नाम पता अज्ञात के पंजीकृत किया गया था

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

1. अभियुक्त आफताब अहमद पुत्र स्व0 इस्तेखार अहमद निवासी बड़ागांव ( नीमतले ) नगर पंचायत घोसी वार्ड न0-12 थाना घोसी मऊ उम्र करीब 42 वर्ष

**अनवारणित अभियोग**

1. मु0अ0सं0 160/2026 धारा 248ए/356(2)/352 बीएनएस व 67 आईटी एक्ट थाना घोसी

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 26.04.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-**

इस अभियान के अंतर्गत 35 टीम गठित कर जनपद के 40 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1500 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 280 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 02 वाहनों को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

**मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे परिवार परामर्श समिति की बैठक की गयी जिसके प्रयास से 04 दंपती साथ साथ रहने को हुए राजी, 46 मामलों में से 14मामलों का हुआ निस्तारण-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 26.04.2026 को परिवार परामर्श समिति की बैठक पुलिस कार्यालय में सम्पन्न हुयी। इस दौरान परिवार परामर्श समिति के सदस्यो के समक्ष कुल 46 मामले आये जिसमें परिवार परामर्श समिति के सदस्यो के प्रयास से 14 मामलों का निस्तारण हुआ तथा 04 दंपति

मारिया/अफजल, गुड़िया/अरविन्द, शत्रुध्न/रंजना, नुसरत जहां/मुमताज उपेन्द्र हैं। आपसी मतभेद भुलाकर एक दुसरे के साथ रहने को राजी हुए। 09 फाईलें पक्षकारों की उदासीनता से बन्द की गयी तथा 01 मामले में एफआईआर हुआ। अन्य मामलों के निस्तारण हेतु समिति की बैठक की अगली तारीख 10.05.2026 दी गयी है। परिवार परामर्श समिति की बैठक में अर्चना उपाध्याय,सर्वेश दूबे,शाहिद पैरिस,मौलवी अरशद रहे ।साथ में एस आई इन्द्र भूषण पान्डे, महिला आरक्षी पूनम पाल,राजलक्ष्मी त्रिपाठी

**02 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में कब्जे वध हेतु ले जा रहे 02 राशि गोवश व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मैजिक बरामद-**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में के अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 26.04.2026 को थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर गोंठा बाईपास हाईवे से मु0अ0सं0 76/2026 धारा 3/5A/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधि० से संबंधित बाल अपचारी 1. चमन यादव पुत्र संतोष यादव ग्राम भीखमपुर थाना फेफना जनपद बलिया, 2. आशीष पुत्र विरेचन निवासी भीखमपुर थाना फेफना जनपद बलिया के कब्जे से बध हेतु ले जा रहे मैजिक पिकअप नं0 UP60CT5438 में 02 राशि गोवंश बरामद कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया ।

**पंजीकृत अभियोंग का विवरण-**

1- मु0अ0सं0 76/2026 धारा 3/5A/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधि० थाना दोहरीघाट जनपद मऊ।

**बाल अपचारी का विवरण-**

1- चमन यादव पुत्र संतोष यादव ग्राम भीखमपुर थाना फेफना जनपद बलिया।
2- आशीष पुत्र विरेचन निवासी भीखमपुर थाना फेफना जनपद बलिया।

**बरामदगी का विवरण-**

1- 02 राशि गोबंश
2- घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा मैजिक पिकअप नं0 UP60CT5438

**महिला रिक्रूट आरक्षिंयो के जनपद में आगमन पर पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश बहादुर द्वारा बैठक का आयोजन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये -**

प्रशिक्षण पूर्ण कर जनपद में आगमन करने वाली महिला रिक्रूट आरक्षियों के साथ पुलिस अधीक्षक श्री कमलेश बहादुर द्वारा पुलिस लाइन मऊ के सभागार कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा महिला रिक्रूट आरक्षियों से प्रशिक्षण संबंधी अनुभवों की जानकारी ली गई तथा सामान्य प्रश्न पूछकर उनकी दक्षता का आकलन किया गया।

इस अवसर पर उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं आमजन के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल का उपयोग करते हुए सभी रिक्रूट अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करें।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन श्री दिनेश दत्त मिश्रा व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

**दीक्षांत/पासिंग आउट परेड के समापन के उपरांत नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर द्वारा ब्रीफिंग कर उतकृष्ट कार्य करने वाले रिक्रूटो को प्रशस्ति पत्र किया गया वितरण -**

दिनांक 26.04.026 को जनपद में आयोजित दीक्षांत (पासिंग आउट) परेड के सफल समापन के उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय  श्री कमलेश बहादुर द्वारा नव नियुक्त रिक्रूट आरक्षियों के साथ एक ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया।

ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल दायित्वों, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, महिला एवं कमजोर वर्गों की सुरक्षा तथा आमजन के साथ संवेदनशील एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी रिक्रूट्स को प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान एवं कौशल का फील्ड में प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

अंत में उन्होंने कहा कि सभी रिक्रूट अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करें तथा पुलिस विभाग की गरिमा को बनाए रखें।